गोला में शिक्षक एमएलसी चुनाव में 82प्रतिशत मतदान,467 में पड़े 383 वोट

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक एमएलसी चुनाव के तहत शुक्रवार को गोला ब्लॉक सभागार स्थित बूथ संख्या 59 पर सुबह आठ बजे से मतदान शुरू हुआ, जो शाम चार बजे तक चला। मतदान में माध्यमिक विद्यालयों, डिग्री कॉलेजों तथा सरकारी, गैर सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

बूथ पर कुल 467 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें 90 महिला और 377 पुरुष मतदाता शामिल थे। शाम चार बजे मतदान समाप्त होने तक कुल 383 मतदाताओं ने वोट डाले। इस तरह बूथ पर 82 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इनमें 66 महिला और 317 पुरुष मतदाता शामिल रहे। मतदान के



दौरान सुबह के समय वोटिंग की रफ्तार धीमी रही, लेकिन दोपहर बाद मतदान में तेजी आई। भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी के समर्थन में विधायक राजेश त्रिपाठी मौजूद रहे। वहीं, भाजपा के बागी होकर सपा के प्रत्याशी बने संजयन त्रिपाठी के समर्थन में पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी और पार्टी के कार्यकर्ता सक्रिय रहे। मतदान केंद्र पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। गोला दरवेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। वहीं अपर नगर आयुक्त अतुलकुमार, एसडीएम गोला मनीष कु. कोतवाल सी पी पांडेय लगातार मतदान की स्थिति पर नजर बनाए रहे। प्रशासनिक निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान प्रक्रिया शाम चार बजे शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई।

◆सुबह मतदान की गति रही धीमी, दोपहर बाद बढ़ी रफ्तार◆सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण रहा मतदान

शिक्षक एमएलसी चुनाव:सहजनवां में शांतिपूर्ण मतदान

सहजनवां (गोरखपुर)। शिक्षक एमएलसी चुनाव के तहत सहजनवां ब्लॉक के बूथ संख्या 54 पर शुक्रवार को शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। बूथ पर सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान प्रक्रिया चली। इस बूथ पर कुल 578 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 441 शिक्षक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने एसडीएम सहजनवां नमन मेहता और सीओ गीडा आभा सिंह ने मतदान स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने जिम्मेदारों को निर्देश दिया कि किसी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए और सभी लोग अपने कर्तव्यों का पालन नियमानुसार करें। मतदान के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानाध्यक्ष सहजनवां संजय कुमार मिश्र अपने हमराहियों के साथ मुस्तैद रहे।



◆एसडीएम और सीओ ने किया निरीक्षण ◆ 441 शिक्षकों ने किया मतदान

ब्याज और अर्थदंड माफी योजना से व्यापारियों को मिलेगी राहत

हरपुर-बुदहट (गोरखपुर)। पुराने कर बकाये से परेशान व्यापारियों को राहत देने के लिए उत्तर प्रदेश शासन की ओर से ब्याज एवं अर्थदंड माफी योजना 2026 लागू की गई है। इसके तहत पात्र व्यापारियों को निर्धारित शर्तों के अनुसार मूलधन जमा करने पर ब्याज और अर्थदंड में छूट मिल सकती है। राज्य कर विभाग के खंड-7, गोरखपुर के उपायुक्त ऋषि भूषण पाठक ने खजनी क्षेत्र के बड़े बकायेदार व्यापारियों से संपर्क कर योजना की जानकारी दी। उन्होंने व्यापारियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर योजना का लाभ उठाने की अपील की। योजना के तहत 31 दिसंबर 2025 तक के पात्र पुराने कर बकायों को शामिल किया गया है। यह योजना 16 अक्टूबर 2026 से तीन माह के लिए लागू की गई है। इसका लाभ लेने के लिए व्यापारियों को विभागीय पोर्टल पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन करना होगा।

◆उपायुक्त ऋषि भूषण पाठक ने बकायेदारों से किया संपर्क, योजना का लाभ लेने की अपील

योजना के प्रचार-प्रसार के लिए अधिवक्ताओं, चार्टर्ड अकाउंटेंट और व्यापारिक संगठनों से भी सहयोग मांगा गया है। भट्ठा एसोसिएशन के पदाधिकारियों तथा ब्लॉक प्रमुख अटल बिहारी सिंह ने भी भट्ठा कारोबारियों को जागरूक किया। उपायुक्त ने व्यापारियों से अपील की कि वे अपनी पात्रता और छूट की शर्तों की जानकारी लेकर समय से आवेदन करें। योजना की विस्तृत जानकारी तारामंडल स्थित राज्य कर विभाग के खंड कार्यालय, गोरखपुर से प्राप्त की जा सकती है।

श्रीराम-भरत मिलाप देख भावविभोर हुए श्रद्धालु

बड़हलगंज (गोरखपुर)। कस्बे के हनुमानगढ़ी मोहल्ले में शुक्रवार की सुबह श्रीराम-भरत मिलाप का भाव पूर्ण दृश्य देख उपस्थित जनसमूह भाव विभोर हो उठा। प्रभु श्रीराम के वन वास से लौटने और चारों भाइयों के मिलन का दृश्य देखकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। जय श्रीराम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके पूर्व गुरुवार की रात भगवान श्रीराम, माता जानकी,लक्ष्मण की भव्य शोभायात्रा संगम टॉकीज से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। दर्जनों आकर्षक झांकियों और गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा पुराना गोला मोहल्ला, घासमंडी, सोती चौराहा, महदेवा मोहल्ला, बड़ी मस्जिद, खटिक टोला, लेटाघाट होते हुए हनुमानगढ़ी पहुंची। इसके बाद नई हनुमानगढ़ी में कालिका हलवाई के मकान के पास



भरत मिलाप का आयोजन हुआ। प्रभु श्रीराम के आगमन की सूचना मिलते ही भरत राज परिवार के साथ दौड़कर उनके पास पहुंचे, गले लगाकर उनका स्वागत किया। राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के इस भाव पूर्ण मिलन को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। रामलीला कमेटी बड़हलगंज की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार एडवोकेट, डॉ मनोज यादव,विरेन्द्र निगम, लक्ष्मण जी, बबलू राय, बृजेश निगम, पवन निगम, आर्यन जा., सचिन मद्धेशिया, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि श्रवण जा., अमित मद्धेशिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

युवक को चुल्हे से मारकर सिर फोड़ा,मुकदमा दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र के बड़ी कैली निवासी अरीमान निषाद पुत्र मधुवन निषाद 17 अक्टूबर में रात्रि में 10 बजे के करीब अपने जीजा के साथ जागरण देखने गया था। जागरण समाप्त होने के बाद रात्रि में 12 बजे के करीब घर वापस आ रहा था। गांवों में जब पहुंचा तो दो मनबढ़ों ने उसे घेर लिया और चुल्हे से मारकर सिर फोड़ दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी श्लोक और शुभम साहनी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

औषधि निर्माण और नवीन रासायनिक अनुसंधान में अहम है बेलिस-हिलमैन अभिक्रिया-डा.नागेंद्र नाथ यादव

जंगल धूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के रसायन विज्ञान विभाग के तत्वावधान में 'बेलिस-हिलमैन रिएक्शन: एन इंपोर्टेंट कार्बन-कार्बन बॉन्ड फॉर्मिंग रिएक्शन' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नॉर्थ ईस्टर्न रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी नेरिस्ट, ईटानगर, अरुणा चल प्रदेश के रसायन विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डा. नागेंद्र नाथ यादव ने विद्यार्थियों को इस महत्वपूर्ण कार्बनिक रासायनिक अभिक्रिया के सैद्धांतिक आधार, क्रिया विधि, उपयोगिता तथा औषधि निर्माण में इसकी संभावनाओं से परिचित कराया। अपने उद्बोधन में डॉ.यादव ने बताया कि बेलिस-हिलमैन अभिक्रिया आधुनिक कार्बनिक रसायन विज्ञान की एक महत्त्वपूर्ण अभिक्रिया है, जिसके माध्यम से नए कार्बन कार्बन बंधों का निर्माण किया जाता है। नए कार्बन-कार्बन बंधों के निर्माण से जटिल कार्बनिक अणुओं की संरचना तैयार करने में सहायता मिलती है। यही विशेषता इसे औषधीय रसायन विज्ञान तथा नए जैव-सक्रिय यौगिकों के विकास के लिए उपयोगी बनाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि औषधियों के निर्माण में किसी अणु की संरचना में छोटे-से परिवर्तन से भी उसकी जैविक सक्रियता, प्रभाव शीलता अन्य गुणों में अंतर आ सकता है। ऐसे में बेलिस-



हिलमैन अभिक्रिया औषधीय महत्त्व वाले अणुओं के संश्लेषण तथा नए यौगिकों के विकास के लिए एक उपयोगी रासायनिक मार्ग उपलब्ध कराती है। उन्होंने बताया कि इस अभिक्रिया के माध्यम से विभिन्न प्रकार के क्रियात्मक समूहों से युक्त यौगिक तैयार किए जा सकते हैं। जिनका उपयोग आगे चलकर औषधीय अनुसंधान में किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, प्राकृतिक उत्पादों, हेटेरोसाइ क्लिक यौगिकों तथा औषधि निर्माण में प्रयुक्त होने वाले महत्त्वपूर्ण मध्यवर्ती यौगिकों के संश्लेषण में भी इसकी उप योगिता है। इस प्रकार यह अभिक्रिया नई औषधियों की खोज, औषधीय अणुओं की संरचना में परिवर्तन तथा संभावित जैविक गति विधियों के अध्ययन के लिए अनुसंधान कर्ताओं को महत्त्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि किसी यौगिक का औषधीय उपयोग निर्धारित करने के लिए उसके जैविक परीक्षण, प्रभाव शीलता, सुरक्षा, विषा क्तता का वैज्ञानिक मूल्यांकन आवश्यक होता है। पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में डा.यादव ने इस अभिक्रिया की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उपयुक्त परिस्थितियों में इसे अपेक्षाकृत सस्ती एवं सुलभ प्रारंभिक सामग्रियों की सहायता से संपन्न किया जा सकता है। इसके अनेक रूपों में उप-उत्पादों का कम निर्माण होने से रासायनिक अपशिष्ट को घटाने की संभावना रहती है। इस दृष्टि से यह हरित रसायन विज्ञान की अवधारणाओं के अनुरूप अधिक दक्ष एवं पर्यावरण-अनुकूल संश्लेषण विधियों के विकास में योगदान दे सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को रासायनिक अभि क्रियाओं को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखकर उनके व्यावहारिक, औद्योगिक, औषधीय एवं पर्यावरणीय पक्षों को समझने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन रसायन विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डा.आर. सहाय ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. शिव कुमार बर्नवाल ने की। उन्होंने मुख्य वक्ता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के विशिष्ट व्याख्यान विद्यार्थियों को नवीन वैज्ञानिक शोध, आधुनिक रासायनिक तकनीकों, उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों से जोड़ने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में रसायन विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती प्रियंका मिश्रा सहित स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

◆महाराणा प्रताप महाविद्यालय में बेलिस-हिलमैन अभिक्रिया पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित

डीसीएम मालिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र के सेक्टर-22 स्थित एक बिस्कुट गोदाम के पास डीसीएम मालिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार राम किशोर (40) पुत्र स्व. सीताराम प्रजापति निवासी अमरोहा बुजुर्ग, थाना पटहेरवा, जिला कुशीनगर जो डीसीएम संख्या यूपी52 बीटी 3327 का मालिक व चालक था। वह गीडा सेक्टर-22 स्थित आर्या ट्रेडिंग कंपनी अनमोल बिस्कुट के डिपो पर आया था, जहां से पूरे मंडल में बिस्कुट की सप्लाई की जाती है। बताया जा रहा है कि देर शाम बिस्कुट लादने के बाद वह त्रिपाल बांध रहा था, तभी अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। उसे तत्काल सीएचसी पिपरौली ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

◆जांच में जुटी पुलिस,शव भेजा पोस्टमार्टम के लिए

दोहरीघाट में श्रद्धा और उल्लास के साथ भरत मिलाप सम्पन्न

दोहरीघाट (मऊ)। नगर में श्रीरामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित भरत मिलाप का कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। भगवान श्रीराम और उनके अनुज भरत के मिलन का भावपूर्ण मंचन देखकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। भरत मिलाप की लीला ने उपस्थित लोगों को भाईचारे, त्याग, प्रेम, समर्पण और पारिवारिक मर्यादा का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम लीला समिति के अध्यक्ष विनोद वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। भरत मिलाप की लीला रामायण के सबसे भावुक प्रसंगों में से एक है। भगवान श्रीराम के वनवास जाने के बाद उनके अनुज भरत ने राजसुख का त्याग कर दिया था। उन्होंने अयोध्या के सिंहासन पर स्वयं बैठने के बजाय भगवान श्रीराम की चरण पादुकाओं को सिंहासन पर स्थापित कर उनके प्रतिनिधि के रूप में राज्य का संचालन किया। भरत ने चौदह वर्षों तक भगवान श्रीराम की वापसी की प्रतीक्षा की और उनके प्रति अपनी अटूट श्रद्धा एवं निष्ठा बनाए रखी। जब भगवान श्रीराम माता सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ वनवास की अवधि पूरी कर अयोध्या लौटे, तब भरत अपने आराध्य बड़े भाई के स्वागत के लिए आतुर हो उठे। दोनों भाइयों का मिलन होते ही प्रेम, त्याग और समर्पण की अद्भुत छटा देखने को मिली। यह दृश्य देखकर उपस्थित श्रद्धालु भावुक हो गए। भगवान श्रीराम और भरत का मिलन इस बात का प्रतीक है कि भारतीय संस्कृति में भाई का रिश्ता केवल रक्त का संबंध नहीं, बल्कि त्याग, विश्वास, कर्तव्य और नि:स्वार्थ प्रेम की महान परंपरा है। कार्यक्रम के संयोजक सोमनाथ वर्मा के नेतृत्व में आयोजन को सफल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए गए।



◆भगवान श्रीराम और भरत के मिलन का भावपूर्ण दृश्य देख भावुक हुए श्रद्धालु, जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा नगर

भरत मिलाप के अवसर पर नगरवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं भरत के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता का सुंदर संगम दिखाई दिया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनय जायसवाल, गुलाब चंद गुप्त, आजाद जायसवाल, अरविंद साहू, प्रहलाद मधेशिया, मनोज जा., आशीष मधेशिया, पारसनाथ साहू एवं राहुल जा. सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। भरत मिलाप का यह आयोजन केवल धार्मिक परंपरा का निर्वहन नहीं, बल्कि समाज को भगवान श्रीराम और भरत के आदर्शों से जोड़ने का माध्यम भी बना। भगवान श्रीराम का मर्यादित जीवन और भरत का त्याग आज भी समाज को कर्तव्यनिष्ठा, पारिवारिक एकता तथा आपसी प्रेम की प्रेरणा देता है।

पत्रकारों ने खजनी तहसील के ज्वाइंट-मजिस्ट्रेट को किया सम्मानित

गोलाबाजार (गोरखपुर)। जनपद के दक्षिणांचल में स्थित खजनी तहसील मुख्यालय पर मंगलवार को क्रांतिकारी पत्रकार एसोसिएशन उ प्र जनपद गोरखपुर के जिलाध्यक्ष राम अशीष त्रिपाठी के नेतृत्व में स्थानीय पत्रकारों ने पहुंच कर विजयादशमी पर्व के अवसर पर युवा एवं तेज तर्रार आईएएस अधिकारी तहसील के ज्वाइंट-मजिस्ट्रेट (एसडीएम) कुणाल रस्तोगी को उनके बेहतरीन जनहित के कार्यों तथा प्रशासनिक कार्यों के त्वरित क्रियान्वयन के लिए उन्हें फूल-मालाएं पहना कर अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया। जिला अध्यक्ष श्री त्रिपाठी के नेतृत्व में




पत्रकारों ने उन्हें खजनी तहसील में कार्यरत रहते हुए, शारदीय नवरात्र, दुर्गा पूजा, दशहरा मेले में बेहतरीन प्रबंधन तथा तहसील में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचने वाले फरियादियों की समस्याओं का त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें न्याय दिलाने की कार्यशैली की सराहना करते हुए तहसील क्षेत्र में उनके कार्यकाल में विजयादशमी पर्व पर कुशल नेतृत्व और प्रबंधन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर एसडीएम ने आगामी चुनावों को लेकर अपनी प्रशासनिक व्यस्तताओं की जानकारी देते हुए सभी पत्रकारों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जनहित और आमजन की समस्याओं से संबंधित जितने भी मामले उनके संज्ञान में आते हैं वह उन्हें सुलझाने का पूरा प्रयत्न करते हैं किन्तु फिर भी यदि किसी वास्तविक पीड़ित व्यक्ति से संबंधित किसी मामले की जानकारी अथवा क्षेत्र में किसी आकस्मिक घटना की जानकारी पत्रकारों को मिलें तो उन्हें तत्काल अवगत कराएं जिससे कि समय पर लोगों को मदद पहुंचाई जा सके। पत्रकारों ने ज्वाइंट-मजिस्ट्रेट के कार्यशैली की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का वचन दिया।

◆एसडीएम ने जनहित के कार्यों में सहयोग की किया अपील

इस अवसर पर तहसील खजनी के अध्यक्ष अर्द्धचंद्रधारी त्रिपाठी, सतेंद्र त्रिपाठी, नन्हेलाल यादव, पन्नेलाल यादव, हनुमान यादव सहित अन्य स्थानीय पत्रकार मौजूद रहे।

क्रांपए के जिला अध्यक्ष का बांसगांव में प्रथम आगमन पर स्वागत

गोलाबाजार (गोरखपुर)। क्रांति कारी पत्रकार एसोसिएशन जनपद गोरखपुर के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राम आशीष त्रिपाठी के प्रथम आगमन पर बांसगांव तहसील के हाटा बाजार में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर बांसगांव तहसील के अध्यक्ष शैलेन्द्र कु. दुबे ने अपने समस्त तहसील कार्यकारिणी के साथ जिला अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष राम आशीष त्रिपाठी ने कहा कि संगठन का मूल मंत्र चार सूत्र-सुरक्षा, सम्मान, सत्य, संगठन है। उन्होंने कहा कि किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर पत्रकार के मान-सम्मान की रक्षा के लिए संगठन सदैव तत्पर रहेगा। तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि हम सब एक परिवार की तरह मिलकर निर्भीक, निष्पक्ष पत्रकारिता को बढ़ावा देंगे। सभी पत्रकारों ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। अंत में सभी पत्रकारों के विचार व्यक्त करने के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान शैलेंद्र कुमार दुबे तहसील अध्यक्ष बांसगांव वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पांडे, नेहरू सहित दर्जनो पत्रकार साथी मौजूद रहे।



चाय दुकानदार की पिटाई,आठ पर बलवा, मारपीट और धमकी का मुकदमा दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां नगर पंचायत वार्ड-7 केशोपुर निवासी एक चाय विक्रेता को मनबढ़ों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार वार्ड-7 केशोपुर निवासी रितेश त्रिपाठी पुत्र राम प्रवेश त्रिपाठी रेलवे स्टेशन के पास चाय की दुकान चलाते हैं। रात करीब 10 बजे वह दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी में थे, तभी आठ की संख्या में युवक गोलबंद होकर आ गए और मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने राजू लोहार, सूरज सिंह, दिवाकर, करन, अंकुर, गोविंद सिंह, आदर्श और गोलू सिंह के खिलाफ बलवा, मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया है।

चौरीचौरा में शिक्षक एमएलसी चुनाव में 86.17 प्रतिशत मतदान

चौरीचौरा (गोरखपुर)। गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में शुक्रवार को चौरीचौरा तहसील स्थित बूथ संख्या 53 पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक चले मतदान में कुल 412 पंजीकृत मतदाताओं में से 355 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इस तरह बूथ पर कुल 86.17 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान करने वालों में 251 पुरुष और 104 महिलाएं शामिल रहीं। चुनाव मैदान में कुल 16 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मतदान की शुरुआत सुबह आठ बजे हुई। शुरुआती दो घंटों में यानी सुबह दस बजे तक 80 मतदाताओं ने वोट डाले थे। इनमें 52 पुरुष और 28 महिलाएं शामिल थीं। इसके बाद मतदान की रफ्तार बढ़ी और दोपहर 12 बजे तक मतदाताओं की संख्या बढ़कर 208 पहुंच गई। इस दौरान 138 पुरुषों और 70 महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दोपहर बाद भी मतदान जारी रहा। दोपहर दो बजे तक कुल 318 मतदाता वोट डाल चुके थे, जिनमें 225 पुरुष और 93 महिलाएं शामिल थीं। इसके बाद अंतिम दो घंटों में 37 और मतदाताओं ने मतदान किया। शाम चार बजे मतदान समाप्त होने तक कुल 355 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। मतदान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस और प्रशासन की टीम पूरे समय मुस्तैद रही। अधिकारियों की निगरानी में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली।



◆बूथ संख्या 53 पर 355 मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग◆पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की भागीदारी रही कम

दिवाल पेंट का विरोध कर रहे युवक को मनबढ़ ने पीटा केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र के कोडरी कला निवासी बुद्धु पुत्र जोखू 16 अक्टूबर को शाम 7 बजे दिवाल का पेंट कर रहा था। उसी दौरान पड़ोस का एक मनबढ़ पेंट करने से मना करते हुए गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी त्रिभुवन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

प्रशासन की पहल से टूटी गतिरोध की दीवार,सड़क निर्माण का रास्ता साफ

चौरीचौरा (गोरखपुर)। शहीद स्मारक-गौनर मार्ग के निर्माण में आ रही बाधा को दूर करने के लिए प्रशासन की पहल आखिरकार रंग लाई। अधिकारियों के प्रयास, प्रभावी मध्य स्थता, आपसी संवाद से शुक्रवार को गतिरोध समाप्त हो गया।

एडीएम प्रशासन वैभव शर्मा, एसडीएम रवि कुमार सिंह और नगर अध्यक्ष सन्नी जायसवाल की मौजूदगी में विकेश गर्ग के साथ हुई वार्ता में सड़क निर्माण पर सहमति बन गई। इससे लंबे समय से बाधित निर्माण कार्य आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है। एसडीएम रवि कुमार सिंह ने बताया कि विकेश गर्ग के साथ हुई बातचीत सकारात्मक और सार्थक रही। वार्ता के दौरान सड़क निर्माण में आ रही समस्या का समाधान निकाल लिया गया। विकेश गर्ग ने सहमति जताते हुए अपने स्तर से खड़ी कराई गई दीवार को शनिवार को स्वयं मौके पर मौजूद रहकर गिरवाने का आश्वासन दिया है। इसके बाद सड़क निर्माण का कार्य आगे बढ़ाया जाएगा।

◆शहीद स्मारक-गौनर मार्ग निर्माण पर विकेश गर्ग से बनी सहमति, खड़ी दीवार आज हटाने का आश्वासन ◆एडीएम प्रशासन, एसडीएम और नगर अध्यक्ष की मध्यस्थता से बनी सहमति◆12 मीटर चौड़ी जमीन पर बनेगी सड़क, दोनों तरफ नाला और पार्किंग की होगी व्यवस्था

प्रशासन की इस पहल से स्पष्ट हो गया कि आपसी संवाद और समन्वय के जरिए विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को दूर किया जा सकता है। अधिकारियों ने संबंधित पक्ष से बात चीत कर सहमति बनाने के साथ सड़क निर्माण का रास्ता प्रशस्त किया। रेलवे से अनापत्ति प्रमाणपत्र एनओसी मिलने और अब विकेश गर्ग की सहमति के बाद निर्माण कार्य में आ रही प्रमुख बाधाएं दूर हो गई हैं। एसडीएम ने बताया कि कुल 12 मीटर चौड़ी जमीन पर सड़क और अन्य सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसमें सात मीटर चौड़ी सड़क बनाई जाएगी। सड़क के दोनों तरफ डेढ़-डेढ़ मीटर चौड़े नाले का निर्माण होगा, जबकि दोनों ओर एक-एक मीटर चौड़ी पार्किंग की व्यवस्था भी रहेगी। प्रशासनिक प्रयासों से बनी इस सहमति के बाद क्षेत्र के लोगों को सड़क निर्माण पूरा होने की उम्मीद जगी है। इस सड़क के बन जाने के बाद लोग भोपा बाजार से शहीद स्मारक होते हुए चौरीचौरा-सोनबरसा संपर्क मार्ग तक जाने में आसानी होगी। इस मार्ग को बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी।